(ग) क्या डाक सेवाओं के निदेशक ने मृत शरीर को ले जाने के लिए वाहन भी नहीं दिया तथा कई दिनों बाद पी० एम० जी० के साथ अस्पताल में कर्मचारी को देखने गये ?

संचार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) आरा के पोस्टल क्लर्क श्री जे० बी० सिंह 26-3-80 को पोस्टमास्टर जनरल, पटना के कार्यालल में आ गए थे। उक्त कर्मचारी कार्यालय भवन की दूसरी मन्जिल पर शौचालय गए थे। इस कर्मचारी ने गलती से गलत दरवाजा खोल दिया तथा वह सैनेटरी पाइप वाले पाइप शैफ्ट में गिर गया। उन्हें चोट लगी तथा हस्पताल ले जाया गया। चोट के कारण 30-3-80 को उनकी मृत्यु हो गई।

(ख) यह पता लगाने के लिए मामले की जांच की जा रही है कि क्या इस लापरवाही के लिए आंशिक जिम्मेदारी किसी और की भी है जिसके कारण यह घटना हुई।

(ग) सहायक पोस्टमास्टर जनरल द्वारा घायल कर्मचारी को हस्पताल ले जाने के अगले दिन पोस्टमास्टर जनरल तथा डाक सेवा निदेशक घायल कर्मचारी को देखने हस्पताल गए थे। कोई विभागीय वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया परन्तु यह सूचना पोस्टमास्टर जनरल जो कि मुख्यालय पर थे, को नहीं दी गई थी कि पटना से आरा के समीप कर्मचारी के जन्मस्थान पर उनका शव ले जाने के लिए विभागीय वाहन नहीं दिया जा रहा था, जब पोस्टमास्टर जनरल को उक्त कर्मचारी की मृत्यु की सूचना मिली तो वे तुरन्त मृतक कर्मचारी के दुःखित परिवार के सदस्यों के प्रति व्यक्तिगत रूप से संवेदना प्रकट करने के लिए उसके जन्म स्थान पर गए। उनके परिवार को आर्थिक सहायता भी दी गई। मृतक कर्मचारी के पुत्र को भी सामान्य भर्ती नियमों में ढील दे कर करुणामूलक आधार पर डाक सहायक के बतौर नियुक्त कर दिया गया है।

पिछड़े तथा पहाड़ी क्षेत्रों को संचार सेवाओं से जोड़ना

2579. **श्री लक्ष्मण कर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार देश के पिछड़े तथा पहाड़ी क्षेत्रों को 31 मई, 1981 को अन्तरिक्ष में छोड़े गये रोहिणी उपग्रह के माध्यम से दूर संचार सेवाओं से जोड़ने की कोई योजना तैयार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या पिछड़े जिले को भी इस सेवा से जोड़ा जायेगा ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) जी नहीं। रोहिणी, संचार उपग्रह नहीं है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

Petro-Chemical Complex, Haldia

2580. SHRI SATYAGOPAL MISRA :
SHRI CHITTA BASU :

Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) whether his Ministry has taken the matter with the Finance and Planning Ministries for the financial participation of the Central Government in the Petro-chemical Complex at Haldia during the Sixth Plan period;

(b) what is the decision of the Central Government to convert the letter of intent into an industrial